“नारी एक, रूप अनेक! जागरूकता रैली ”

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur

Date: 27th November 2024

कुलपति व एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

रैली में प्रस्तुत हुआ स्त्री शक्ति का विराट स्वरूप

स्त्री सशक्तिकरण की मुहीम के नगरवासी बने साक्षी

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन के मार्गदर्शन एवं उत्तर प्रदेश सरकार की योजना के अंतर्गत चल रहे मिशन शक्ति फेज 5 के तहत आज गोरखपुर नगर में भव्य रैली निकाली गई. कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन एवं एसएसपी गौरव ग्रोवर ने गोरखपुर विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. पुलिस बैंड व घुड़सवारों ने रैली की अगवानी की.

इस अवसर पर रैली को रवाना करते हुए कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने कहा कि यह रैली समाज में सशक्त स्त्री की छाप छोड़ेगी. जागरूकता अभियान की दिशा में यह एक मील का पत्थर साबित होगी. स्त्रियां आज किसी भी ऊंचाई को छूने में सक्षम हैं. उन्होंने अपेक्षा के अनुरूप समाज व देश की प्रगति में अपना योगदान सुनिश्चित किया है. जमीन से लेकर आसमान तक उनकी उपस्थिति को दुनिया महसूस कर रही है. वह घर भी संभाल रही है और देश भी संवार रही है. दुनिया में उसका परचम बुलंद हो रहा है. किंतु इसके साथ-साथ ही अभी भी कुछ रूढ़िया, असमानता व अत्याचार हमारे बीच व्याप्त है. इसे दूर करने के लिए समाज में मजबूत संदेश जाना अत्यंत आवश्यक है.

एसएसपी गौरव ग्रोवर ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक स्त्री में असीमित क्षमता व संभावनाएं हैं. उसे जरूरत है तो ऊंचे ख्वाब देखने की. शिक्षा एक ऐसा महत्वपूर्ण माध्यम है जिसके तहत सशक्त स्त्री का निर्माण संभव है. यदि कुछ दुश्वारियां हैं तो बदलाव भी बहुत कुछ हुआ है. आज समाज से लेकर सरकार तक स्त्री शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में लगातार प्रयासरत है. शासन - प्रशासन स्त्रियों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है. अराजक तत्वों के लिए पुलिस 24 घंटे आपकी सेवा में मुस्तैद है. जरूरत है तो ऐसी मान्यताओं से पूर्णतः मुक्त, विवेकशील व स्वस्थ समाज के निर्माण की जिसमें स्त्रियों की रचनात्मकता व उन्नति की दिशा में कोई बाधा न आने पाए. यह जागरूकता से ही संभव होने वाला लक्ष्य है. इस लक्ष्य की दिशा में यह रैली निश्चय ही अर्थवान होगी.

इस रैली में गोरखपुर विश्वविद्यालय के साथ-साथ सेंट एंड्रयूज कॉलेज, सेंट जोसेफ कॉलेज फॉर विमेन्स, चंद्रकांति रमावती महाविद्यालय की छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं. इसके साथ ही विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक गण भी इस मुहिम के साक्षी बने. इस रैली का संयोजन मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी प्रोफेसर विनीता पाठक एवं सदस्य गण ने किया.

इस रैली की यह गौर करने वाली बात रही कि इसमें दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रही स्त्रियों के रोल मॉडल के रूप में छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. किसी ने जज वह वकील का रूप धारण किया था तो किसी ने पुलिस और आर्मी का. किसी ने बैंकर का तो किसी ने साइंटिस्ट का. किसी ने डॉक्टर का तो किसी ने इंजीनियर का. किसी ने वाइस चांसलर का तो किसी ने प्रोफेसर का. किसी ने अभिनेत्री का, तो किसी ने झांसी की रानी का.किसी ने स्पेस साइंटिस्ट का, तो किसी ने होम मेकर का. किसी ने पॉलिटिशियन का, तो किसी ने एयर होस्टेस व पायलट का.

इस रैली को देखने वाले नागरिक समाज में उनके सकारात्मक उत्साह को स्पष्ट ही दर्ज किया जा सकता था.

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
A++ NAAC
नारी एक रूप अनेक
जागरूकता रैली
दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर
दिनांक: 27 नवंबर 2024
समय: सुबह 10.30 बजे
Prof. Poonam Tandon
Vice- Chancellor
DDU Gorakhpur University, Gorakhpur
Dr. Gaurav Grover
SSP
Gorakhpur
Prof. Vineeta Pathak
Nodal Officer
Mission Shakti Phase 5

एक रूप अनेक
दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर
विद्यालय, गोरखपुर
दिनांक: 27 नवम्बर 2024
सुबह 10.30 बजे

रूकता रैली
विश्वविद्यालय, गोरखपुर
सुबह 10.30 बजे
Poonam Tandon
Chancellor
University, Gorakhpur
Dr. Gaurav Grover
SSP
Gorakhpur
Prof. Vineeta Pathak
Nodal Officer
Mission Shakti Phase 5

उपाध्याय गोरख

फेज़ 5
दिनांक: 27 नवंबर 2024
समय: सुबह 10.30 बजे

शक्ति

जागरूकता रैली
Gaurav Grover
SSP

दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर
मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
फेज 5
दिनांक: 27 नवंबर 2024
समय: सुबह 10.30 बजे
जागरूकता रैली
Dr. Gaurav Grover
SSP
Gorakhpur
Prof. Vineeta Pathak
Nodal Officer